(e) **'Neer Nyay Gram' recognition:** a citation from the DLSA to a village whose Gram Sabha resolves to keep its water sources free of encroachment, clean and recorded, and which complies.

(f) **Garbage-free and sewage-free water sources:** awareness and intimation to the concerned body about dumping of waste and untreated sewage.

(g) **Elder's stories of the water source:** Through various awareness programmes record the history, old maps and traditional use from village elders, which also supports the register.

(h) **Pre-monsoon inspection:** checking drains and inflow channels in May–June and informing the Panchayat or department.

(I) **Pledge days:** 22 March (World Water Day), 5 June (World Environment Day) and 9 November (Legal Services Day) for statewide pledges and camps.

(j) **Neer Nyay Safai Abhiyan (cleaning drives for natural water sources):** under the Neer Nyay theme of the RSLSA, cleaning drives shall be held at natural water sources such as rivers, streams, nalas, natural lakes and ponds, springs and wetlands, and on their banks, as follows:

- **Frequency and lead:** at least one drive before the monsoon (April to June) and one after it (October to November) in every district, led by the Secretary, DLSA/Chairman, TLSC, with the Gram Panchayat or Urban Local Body, Law students, NSS / NCC units, self-help groups, PLVs and Jal-Mitras.
- **Scope of work:** Removal of garbage, plastics, floating debris, and weeds from the banks and watersides of water sources, as well as cleaning blocked drains and water flow channels. Desilting, excavation, or cutting of trees shall be carried out with the assistance and coordination of the concerned department.

a) **जल–स्रोत परिक्रमा:** ग्राम सभा या स्कूल के साथ गाँव के सभी जल–स्रोतों का दौरा करना और मौके पर ही रजिस्टर की जानकारी का सत्यापन करना।

b) **अगोर बचाओ (Agor Bacha**o**):** 'अगोर' (जल संग्रहण क्षेत्र) और पानी के बहाव वाले रास्तों (inflow channels) की पहचान करना, सीमा स्तंभ और सूचना बोर्ड लगाना, तथा निर्माण कार्य, कचरा डालने या रुकावट पैदा करने के खिलाफ शपथ लेना।

c) **सफाई और गाद निकालने के लिए श्रमदान:** मानसून से पहले (अप्रैल से जून) पंचायत योजना के अनुसार, और जहाँ संभव हो, VB-G RAM G अधिनियम, 2025 के तहत ग्राम सभा के साथ मिलकर जल–स्त्रोतों की सफाई एवं मरम्मत का कार्य करना।

d) **एक गाँव – एक जल स्रोत – एक संरक्षक:** कोई स्कूल, NSS/NCC यूनिट, स्वयं सहायता समूह, व्यक्ति या युवा समूह किसी जल स्रोत को गोद लिए गये स्कूलों में 'जल–प्रहरी' क्लब बनाए जाएँ।

e) **'नीर न्याय ग्राम' मान्यता:** DLSA (जिला विधिक सेवा प्राधिकरण) द्वारा उस गाँव को प्रमाण–पत्र दिया जाएगा, जिसकी ग्राम सभा अपने जल स्रोतों को अतिक्रमण–मुक्त, स्वच्छ और विधिवत दर्ज रखने का संकल्प लेती है और उसका पालन भी करती है।

f) **कचरा–मुक्त और सीवेज–मुक्त जल स्रोत:** कचरा और बिना उपचारित सीवेज (गंदा पानी) डालने के मामलों के बारे में संबंधित निकाय को सूचित करना और जागरूकता फैलाना।

g) **जल स्रोतों के बारे में बुजुर्गों की कहानियाँ:** विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों से गाँव के बुजुर्गों से जल स्रोत का इतिहास, पुराने नक्शे और उनके पारंपरिक उपयोग की जानकारी रिकॉर्ड करेंगे, जो जल स्रोत रजिस्टर को तैयार करने में भी मदद करेगा।

h) **मानसून–पूर्व निरीक्षण:** मई–जून में नालियों और पानी के आवक मार्गों (inflow channels) की जाँच करना और पंचायत या संबंधित विभाग को सूचित करना।

i) **संकल्प दिवस:** 22 मार्च (विश्व जल दिवस), 5 जून (विश्व पर्यावरण दिवस) और 9 नवंबर (विधिक सेवा दिवस) को राज्य भर में संकल्प लेने के कार्यक्रम और शिविर आयोजित किए जाएँगे।

j) **नीर न्याय सफाई अभियान (प्राकृतिक जल स्रोतों की सफाई):** RSLSA की 'नीर न्याय' थीम के तहत, प्राकृतिक जल स्रोतों जैसे नदियों, धाराओं, नालों, प्राकृतिक झीलों और तालाबों, झरनों और आर्द्रभूमियों (wetlands) तथा उनके किनारों पर सफाई अभियान चलाए जाएंगे, जो इस प्रकार होंगे:

- **आवृत्ति और नेतृत्व:** हर जिले में मानसून से पहले (अप्रैल से जून) कम से कम एक बार और मानसून के बाद (अक्टूबर से नवंबर) प्राकृतिक एवं कृत्रिम जल–स्त्रोतों पर एक बार सफाई अभियान चलाया जाएगा। इसका नेतृत्व DLSA सचिव/TLSC के अध्यक्ष करेंगे, जिसमें ग्राम पंचायत या शहरी स्थानीय निकाय, विधि छात्र, NSS/NCC इकाइयां, स्वयं सहायता समूह, PLV और ''नीर–योद्धा'' शामिल होंगे।
- **कार्य का दायरा:** जल स्रोतों के किनारों और पानी के किनारों से कचरा, प्लास्टिक, तैरता हुआ कचरा और खरपतवार हटाना, साथ ही बंद नालों और पानी के बहाव वाले रास्तों को साफ करना। गाद निकालना (desilting), खुदाई करना या पेड़ों को काटना संबंधित विभाग की सहायता एवं समन्वय प्राप्त कर किया जाएगा।

- **Disposal:** the waste collected shall be segregated and handed over to the local body for disposal in accordance with the Solid Waste Management Rules, 2026. It shall not be burnt or dumped again near the water source.
- **Safety:** volunteers shall wear gloves and shall not enter deep or flowing water; hazardous and biomedical waste shall not be handled by volunteers and shall be reported to the local body.
- **Sources of pollution:** sewage outfalls, industrial discharge, dumping and washing activities noticed during the drive shall be recorded as facts and reported to the Gram Panchayat, Urban Local Body or the Rajasthan State Pollution Control Board, in the form at Annexure-I, for action under the law.
- **Common identity:** the drives shall carry a common banner, pledge and logo of the Neer Nyay theme, as approved by the RSLSA.
- **Record:** the date, place, number of participants, approximate quantity of waste removed and before-and-after photographs shall be recorded, the condition of the water source shall be updated in the Jal-Strot Panji, and the details shall be given in the monthly report.

## 9. Tree plantation along water sources

**(I) Place:** Saplings shall be planted only on the embankment (Paal) of the water source, the boundary of the 'Agor' (catchment area), and the adjacent Panchayat or government land in cooperation and coordination with the concerned Panchayat Department. No plantation shall be carried out in waterlogged areas, water inflow channels, or outlets.

**(ii) Species:** local species suited to the region, such as khejri, neem, peepal, banyan, rohida, desi babool, jal and arjun, on the advice of the Forest or Agriculture Department. Exotic, high water-consuming species such as *Prosopis juliflora* shall not be planted.

**(iii) Irrigation:** water of the source may be used for irrigating the plants in limited quantity, provided that drinking water and drinking water for cattle remain the first priority and the source does not dry up. Low-water methods (pitcher or drip irrigation) shall be preferred.

**(iv) Implementation:** the Gram Panchayat and the Forest Department shall provide plants and tree-guards; schools, NSS / NCC units, self-help groups, person and Jal-Mitras shall plant and care for them.

**(v) Maintenance:** planting in the monsoon and care for at least three years; number, species and survival shall be entered in the Jal-Strot Panji; the name of the department, family, person or student adopting a plant may be shown on the information board.

**(vi) Safeguard:** plantation shall not give any person ownership, possession or any right over the water source or its land, and shall remain within the boundary fixed by the revenue record and the Competent Authority.

- निपटानः इकट्ठा किए गए कचरे को अलग–अलग (segregate) किया जाएगा और 'ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026' (Solid Waste Management Ruls, 2026) के अनुसार निपटान के लिए स्थानीय निकाय को सौंप दिया जाएगा। कचरे को जलाया नहीं जाएगा और न ही वापस जल स्रोत के पास फेंका जाएगा।
- सुरक्षाः स्वयंसेवक दस्ताने पहनेंगे और गहरे या बहते पानी में नहीं उतरेंगे। खतरनाक और बायोमेडिकल कचरे को स्वयंसेवक नहीं छुएंगे, ऐसे कचरे की सूचना स्थानीय निकाय को दी जाएगी।
- प्रदूषण के स्रोतः सफाई अभियान के दौरान यदि सीवेज का बहाव, औद्योगिक कचरा, कचरा फेंकना या कपड़े धोने जैसी गतिविधियां दिखती हैं, तो उन्हें दर्ज किया जाएगा। इसकी रिपोर्ट ग्राम पंचायत, शहरी स्थानीय निकाय या 'राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड' को (अनुलग्नक–I में दिए गए फॉर्म के माध्यम से) दी जाएगी, ताकि कानून के अनुसार कार्रवाई की जा सके।
- समान पहचानः इन अभियानों में RSLSA द्वारा अनुमोदित 'नीर न्याय' थीम का एक समान बैनर, शपथ और लोगो का उपयोग किया जाएगा।
- रिकॉर्ड अभियान की तारीख, स्थान, प्रतिभागियों की संख्या, हटाए गए कचरे की अनुमानित मात्रा और सफाई से पहले व बाद की तस्वीरें दर्ज की जाएंगी। 'जल–स्रोत पंजी' (Jal-Strot Panji) में जल स्रोत की स्थिति को अपडेट किया जाएगा और इसका विवरण मासिक रिपोर्ट में दिया जाएगा।

## 9. जल स्रोतों के किनारे वृक्षारोपण

**(i) स्थानः** पौधे केवल जल स्रोत के तटबंध (पाल), 'अगोर' (जलग्रहण क्षेत्र) की सीमा, और उससे सटी पंचायत या सरकारी भूमि पर संबंधित पंचायती विभाग से सहयोग एवं समन्वय के साथ लगाए जाएँगे। जल भराव वाले क्षेत्र, पानी के आवक मार्गों या निकास मार्गों (outlets) में कोई वृक्षारोपण नहीं किया जाएगा।

**(ii) प्रजातियाँः** वन या कृषि विभाग की सलाह पर, उस क्षेत्र के अनुकूल स्थानीय प्रजातियाँ लगाई जाएँगी, जैसे–खेजड़ी, नीम, पीपल, बरगद, रोहिड़ा, देशी बबूल, जाल और अर्जुन। बाहरी या अधिक पानी सोखने वाली प्रजातियों (जैसे 'प्रोसोपिस जूलीफ्लोरा' या विलायती बबूल) को नहीं लगाया जाएगा।

**(iii) सिंचाईः** स्रोत के पानी का उपयोग पौधों की सिंचाई के लिए सीमित मात्रा में किया जा सकता है, बशर्ते कि पीने के पानी और मवेशियों के लिए पानी की उपलब्धता पहली प्राथमिकता बनी रहे और स्रोत न सूखे। कम पानी की खपत वाली विधियों (जैसे घड़ा सिंचाई या ड्रिप सिंचाई) को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

**(iv) कार्यान्वयनः** ग्राम पंचायत और वन विभाग पौधे और ट्री–गार्ड उपलब्ध कराएंगे, स्कूल, NSS/NCC इकाइयां, स्वयं सहायता समूह और जल– मित्र पौधे लगाएंगे और उनकी देखभाल करेंगे।

**(v) रखरखावः** मानसून के दौरान पौधे लगाना और कम से कम तीन वर्षों तक उनकी देखभाल करना, पौधों की संख्या, प्रजाति और उनके जीवित रहने की स्थिति को 'जल–स्रोत पंजी' में दर्ज किया जाएगा, जो विभाग, परिवार, व्यक्ति या छात्र किसी पौधे को गोद लेते हैं, उनका नाम सूचना बोर्ड पर प्रदर्शित किया जा सकता है।

**(vi) सुरक्षाः** वृक्षारोपण करने से किसी व्यक्ति को जल–स्रोत या उसकी भूमि पर कोई स्वामित्व, कब्जा या अन्य अधिकार प्राप्त नहीं होगा। यह क्षेत्र राजस्व रिकॉर्ड और सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित सीमा के भीतर ही रहेगा।

## 10. Awareness programmes

The Secretary, DLSA and the Chairman, TLSC shall organise the following programmes:

- **Gram Sabha awareness camp:** for villagers and Panchayat members, on water sources being common property, the legal position on encroachment and how to give information.
- **School and college programmes:** for students and NSS / NCC units, through essays, painting, debates, visits to water sources and plantation.
- **Street plays and folk songs:** for the whole village and women, on the importance of water sources, garbage-free water sources and care of plants.
- **Neer Nyay Shivir with Lok Adalat:** for families affected by encroachment, on free legal aid, rehabilitation schemes and conciliation.
- **Publicity material:** posters, wall writing, a summary sheet at the Panchayat Bhawan/ concern department, QR-code boards at water sources and the NALSA helpline 15100 and RSLSA helpline no 9928900900.
- **Water-Warrior straining (once a year):** for PLVs and volunteers, on filling Annexure-I, taking photographs and GPS coordinates, and the relevant laws.

**Water conservation ideas to be shared in every programme:**

- Rooftop rainwater harvesting, and recharge of wells and borewells through simple filtered recharge pits.
- Revival and care of traditional structures (johad, river, baori, tanka) and keeping their inflow channels and agor clear so that rain reaches the source.
- Farm ponds, check dams, contour bunds and field bunds to hold rainwater on the land and a simple village water budget prepared with the Gram Sabha.
- Efficient irrigation (drip and sprinkler), crops that need less water, and no over-pumping of groundwater.
- Saving water at home and reusing used water for kitchen gardens and plants.
- A model of a rooftop harvesting structure and recharge pit at the Panchayat Bhawan or a school for demonstration, and a water-saving pledge at every camp.

**Government schemes to be explained** in simple language, with eligibility, how to apply and the office to approach. The present status of each scheme shall be confirmed with the concerned department before every programme:

## 10. जागरूकता कार्यक्रम

DLSA के सचिव और TLSC के अध्यक्ष निम्नलिखित कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे:

- **ग्राम सभा जागरूकता शिविर:** ग्रामीणों और पंचायत सदस्यों के लिए। इसमें जल–स्रोतों को 'साझा संपत्ति' मानने, अतिक्रमण से जुड़े कानूनी प्रावधानों और जानकारी देने के तरीकों पर चर्चा की जाएगी।
- **स्कूल और कॉलेज कार्यक्रम:** छात्रों और NSS/NCC इकाइयों के लिए। इसमें निबंध लेखन, चित्रकला, वाद–विवाद, जल–स्रोतों का दौरा और वृक्षारोपण जैसी गतिविधियाँ शामिल होंगी।
- **नुक्कड़ नाटक और लोक गीत:** पूरे गाँव और महिलाओं के लिए। इसमें जल–स्रोतों के महत्व, उन्हें कचरा–मुक्त रखने और पौधों की देखभाल करने के बारे में बताया जाएगा।
- **लोक अदालत के साथ 'नीर न्याय शिविर':** अतिक्रमण से प्रभावित परिवारों के लिए। इसमें मुफ्त कानूनी सहायता, पुनर्वास योजनाओं और आपसी सुलह–समझौते के बारे में जानकारी दी जाएगी।
- **प्रचार सामग्री:** पोस्टर, दीवार पर लेखन, पंचायत भवन में सारांश पत्र (समरी शीट), जल–स्रोतों पर QR–कोड वाले बोर्ड और NALSA हेल्पलाइन नंबर 15100 का प्रचार तथा RSLSA हेल्पलाइन नंबर 9928900900 का प्रचार।
- **''नीर–योद्धा'' प्रशिक्षण (साल में एक बार):** PLVs (पैरा लीगल वालंटियर्स) और स्वयंसेवकों के लिए। इसमें 'अनुलग्नक–I' (Annexure-I) भरने, तस्वीरें लेने, GPS कोऑर्डिनेट्स दर्ज करने और संबंधित कानूनों के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**हर कार्यक्रम में जल संरक्षण से जुड़े निम्नलिखित विचार साझा किए जाने चाहिए:**

- छत पर वर्षा जल संचयन (रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग) करना, और सरल फिल्टर युक्त रिचार्ज पिट के माध्यम से कुओं व बोरवेल को रिचार्ज करना।
- पारंपरिक जल संरचनाओं (जैसे जोहड़, नदी, बावड़ी, टांका) का पुनरुद्धार और उनकी देखभाल करना। साथ ही, इनमें पानी आने वाले रास्तों (इनफ्लो चौनल) और जल संग्रहण क्षेत्र (अगोर) को साफ रखना, ताकि बारिश का पानी जल–स्रोत तक पहुँच सके।
- जमीन पर बारिश का पानी रोकने के लिए खेत के तालाब, चेक डैम, कंटूर बंड (मेड़बंदी) और खेत की मेड़ें बनाना और ग्राम सभा के साथ मिलकर गांव का एक सरल जल बजट तैयार करना।
- कुशल सिंचाई (ड्रिप और स्प्रिंकलर), कम पानी वाली फसलों को अपनाना, और भूजल (groundwater) का अत्यधिक दोहन न करना।
- घर पर पानी की बचत करना और इस्तेमाल किए गए पानी को किचन गार्डन (सब्जी–बाग) और पौधों के लिए दोबारा उपयोग में लाना।
- प्रदर्शन के लिए पंचायत भवन या स्कूल में रूफटॉप हार्वेस्टिंग (छत से पानी इकट्ठा करने) के ढांचे और रिचार्ज पिट का एक मॉडल तैयार करना, और हर कैंप में पानी बचाने की शपथ लेना।

सरकारी योजनाओं के बारे में सरल भाषा में जानकारी देना, जिसमें पात्रता, आवेदन करने का तरीका और संपर्क करने वाले कार्यालय के बारे में बताया जाए। हर कार्यक्रम से पहले संबंधित विभाग से हर योजना की वर्तमान स्थिति की पुष्टि कर ली जावेगी:

- **Mukhyamantri Jal Swavlamban Abhiyan:** the Rajasthan Government's programme to make villages self-sufficient in water through rainwater harvesting, groundwater recharge and revival of old water sources, with community and CSR support.
- **Jal Shakti Abhiyan: Catch the Rain and Jal Sanchay Jan Bhagidari:** the Government of India's campaigns for rainwater harvesting and groundwater recharge through people's participation; the district-level Jal Shakti Kendras give technical guidance.
- **Mission Amrit Sarovar:** construction and rejuvenation of ponds (sarovars), with 75 in each district.
- **Atal Bhujal Scheme:** community-led management of groundwater in priority Gram Panchayats of the participating States, which include Rajasthan.
- **Pradhan Mantri Krishi Sinchayee Scheme:** watershed development and micro-irrigation ('Per Drop More Crop').
- **Works under the VB-G RAM G Act, 2025:** water conservation works such as desilting of ponds and nadis, planned through the Gram Sabha.

The date, place, number of participants and photographs of every programme shall be recorded and given in the monthly report.

## 11. Training and capacity building

The RSLSA shall periodically conduct training of Secretaries, Chairmen of TLSCs, PLVs and Jal-Mitras on this Scheme, the revenue and panchayat laws on encroachment, groundwater and water-body protection, and record keeping. The Rajasthan State Judicial Academy may be requested to assist. Under the Neer-Nyay Yojana, villages, cities, panchayats, departments, individuals, or water warriors who perform outstanding work will be specially honoured at the appropriate level.

## 12. Inspection and reporting

**Quarterly inspection:** the Nodal Officers shall conduct a quarterly inspection of a sample of water sources in their jurisdiction to check the accuracy of the register, the status of pending information, the condition of plantation and the awareness programmes held.

**Reporting:** a 'Quarterly Report' in the following form shall be prepared after each inspection and forwarded by the Secretary, DLSA, through the Chairman, DLSA, to the Member Secretary, RSLSA. The Member Secretary shall compile the reports and place them before the Executive Chairman.

The figures for the month and the total to date shall be given for each of the following:

- Water sources recorded in the register, and Gram Panchayats completed.
- Information on encroachment or obstruction received and verified.

- **मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियानः** राजस्थान सरकार का एक कार्यक्रम, जिसका उद्देश्य समुदाय और CSR (कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी) के सहयोग से वर्षा जल संचयन, भूजल रिचार्ज और पुराने जल स्रोतों को पुनर्जीवित करके गांवों को जल के मामले में आत्मनिर्भर बनाना है।
- **जल शक्ति अभियानः** 'कैच द रेन' (बारिश का पानी संजोएं) और 'जल संचय जन भागीदारी': भारत सरकार के ये अभियान जनभागीदारी के माध्यम से वर्षा जल संचयन और भूजल रिचार्ज पर केंद्रित हैं, जिला स्तर पर बने 'जल शक्ति केंद्र' तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।
- **मिशन अमृत सरोवरः** तालाबों (सरोवरों) का निर्माण और उनका कायाकल्प करना, जिसके तहत हर जिले में 75 तालाब बनाए या सुधारे जाएंगे।
- **अटल भूजल योजनाः** राजस्थान सहित इसमें शामिल राज्यों की प्राथमिकता वाली ग्राम पंचायतों में समुदाय के नेतृत्व में भूजल प्रबंधन करना।
- **प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनाः** वाटरशेड विकास और सूक्ष्म सिंचाई (माइक्रो–इरिगेशन) को बढ़ावा देना, जिसका मूल मंत्र है – 'प्रति बूंद, अधिक फसल' (Per Drop More Crop)।
- **VB-G RAM G एक्ट, 2025 के तहत कार्यः** ग्राम सभा के माध्यम से योजना बनाकर जल संरक्षण के कार्य करना, जैसे तालाबों और नदियों (नाड़ियों) से गाद निकालना (desilting)।

हर कार्यक्रम की तारीख, स्थान, प्रतिभागियों की संख्या और तस्वीरें रिकॉर्ड की जानी चाहिए और इन्हें मासिक रिपोर्ट में शामिल किया जाना चाहिए।

## 11. प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण

RSLSA समय–समय पर सचिवों, TLSC के अध्यक्षों, PLV और ''नीर–योद्धाओं'' के लिए इस योजना पर प्रशिक्षण आयोजित करेगा। इसमें अतिक्रमण, भूजल और जल–निकायों के संरक्षण से जुड़े राजस्व और पंचायत कानूनों, तथा रिकॉर्ड रखने (record keeping) के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा। नीर–न्याय योजना के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले गांव, शहर, पंचायत, विभाग, व्यक्ति या जल–योद्धा को विशेष रूप से उचित स्तर पर सम्मानित किया जावेगा।

## 12. निरीक्षण और रिपोर्टिंग

**त्रैमासिक निरीक्षणः** नोडल अधिकारी अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले जल–स्रोतों के एक नमूने (sample) का त्रैमासिक निरीक्षण करेंगे। इसका उद्देश्य रजिस्टर की सटीकता, लंबित जानकारी की स्थिति, वृक्षारोपण की हालत और चलाए गए जागरूकता कार्यक्रमों की जांच करना होगा।

**रिपोर्टिंगः** प्रत्येक निरीक्षण के बाद, नीचे दिए गए प्रारूप में एक 'त्रैमासिक रिपोर्ट' तैयार की जाएगी। इसे DLSA के सचिव, DLSA अध्यक्ष के माध्यम से RSLSA के सदस्य सचिव को भेजेंगे। सदस्य सचिव इन सभी रिपोर्टों को संकलित (compile) करेंगे और कार्यकारी अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

निम्नलिखित प्रत्येक बिंदु के लिए, उस महीने के आंकड़े और अब तक के कुल आंकड़े दिए जाने चाहिएः

- रजिस्टर में दर्ज जल–स्रोत और पूरी की गई ग्राम पंचायतें।
- अतिक्रमण या रुकावट के बारे में प्राप्त और सत्यापित जानकारी।

- Cases forwarded to the Competent Authority and cases where action has begun.
- Water sources freed from encroachment (number and area).
- Cases pending for more than 60 days.
- Plants planted and plants surviving.
- Protection drives, camps and pledges held, and number of participants.
- Villages declared 'Neer Nyay Gram'.

## 13. Review of implementation

The State Monitoring Committee shall review the quarterly reports of all districts, assess the overall implementation of this Scheme, identify best-performing districts for recognition and dissemination of best practices, identify deficiencies, recommend improvements, and issue appropriate directions for effective compliance. The proceedings of the meeting shall be placed before the Hon'ble Executive Chairman, RSLSA.

## 14. Expenditure

The expenditure on the drives, awareness programmes and training under this Scheme shall be met from the legal awareness head, as approved by the RSLSA.

## 15. Interpretation

Any issue relating to interpretation or implementation of this Scheme shall be decided by the Hon'ble Executive Chairman, RSLSA.

## Annexure-I: Water-Source Information Form

The informant shall give the following particulars:

1. Registration number and date (to be filled by the office).
2. Name and type of the water source (pond, nadi, baori, drain, agor etc.).
3. Village, tehsil and district; khasra number (if known); location.
4. Present condition (filled, dry, obstructed, construction present).
5. Nature of the encroachment or obstruction (facts only) and since when.
6. Photographs and GPS coordinates.
7. Earlier information given or action taken.
8. Name of the informant (optional), mobile number and date.
9. Need for free legal aid (Yes / No).

*Note: no allegation against any person shall be written in this form; only facts shall be written.*

- सक्षम प्राधिकारी (Competent Authority) को भेजे गए मामले और वे मामले जिन पर कार्रवाई शुरू हो चुकी है।
- अतिक्रमण से मुक्त कराए गए जल–स्रोत (संख्या और क्षेत्रफल)।
- 60 दिनों से अधिक समय से लंबित मामले।
- लगाए गए पौधे और जीवित बचे पौधे।
- आयोजित संरक्षण अभियान, शिविर और शपथ कार्यक्रम, तथा उनमें भाग लेने वालों की संख्या।
- 'नीर न्याय ग्राम' घोषित किए गए गांव।

## 13. कार्यान्वयन की समीक्षा

राज्य निगरानी समिति (State Monitoring Committee) सभी जिलों की त्रैमासिक रिपोर्टों की समीक्षा करेगी। यह समिति इस योजना के समग्र कार्यान्वयन का आकलन करेगी, सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले जिलों की पहचान करेगी (ताकि उन्हें मान्यता दी जा सके और उनके अच्छे तरीकों को दूसरों तक पहुंचाया जा सके), कमियों का पता लगाएगी, सुधार के सुझाव देगी और प्रभावी अनुपालन के लिए उचित निर्देश जारी करेगी। बैठक की कार्यवाही RSLSA के माननीय कार्यकारी अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी।

## 14. व्यय

इस योजना के अंतर्गत चलाए जाने वाले अभियानों, जागरूकता कार्यक्रमों और प्रशिक्षण पर होने वाला व्यय, RSLSA द्वारा अनुमोदित 'विधिक जागरूकता' मद (legal awareness head) से पूरा किया जाएगा।

## 15. व्याख्या

इस योजना की व्याख्या या कार्यान्वयन से संबंधित किसी भी मुद्दे पर निर्णय RSLSA के माननीय कार्यकारी अध्यक्ष (Hon'ble Executive Chairman) द्वारा लिए जाएंगे।

## परिशिष्ट–I: जल–स्रोत सूचना प्रपत्र

सूचना देने वाले व्यक्ति को निम्नलिखित विवरण देने होंगे:

1. पंजीकरण संख्या और दिनांक (कार्यालय द्वारा भरा जाएगा)।
2. जल–स्रोत का नाम और प्रकार (जैसे– तालाब, नदी, बावड़ी, नाला, अगोर आदि)।
3. गाँव, तहसील और जिलाय खसरा नंबर (यदि ज्ञात हो)य स्थान।
4. वर्तमान स्थिति (पानी से भरा, सूखा, अवरुद्ध, निर्माण कार्य मौजूद आदि)।
5. अतिक्रमण या रुकावट का स्वरूप (केवल तथ्य) और यह कब से है।
6. तस्वीरें और GPS निर्देशांक (coordinates)।
7. पहले दी गई कोई जानकारी या की गई कोई कार्रवाई।
8. सूचना देने वाले का नाम (वैकल्पिक), मोबाइल नंबर और दिनांक।
9. मुफ्त कानूनी सहायता की आवश्यकता (हाँ / नहीं)।

**नोट:** इस प्रपत्र में किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध कोई आरोप नहीं लिखा जाना चाहिए, केवल तथ्य ही लिखे जाने चाहिए।

# NOTE

# राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण




## जल स्रोतों को स्वच्छ रखें

– सुरक्षित जल, स्वस्थ कल –

- स्वच्छ जल स्रोत
- सुरक्षित पेयजल
- स्वस्थ पर्यावरण
- सक्रिय समुदाय
- समृद्ध गाँव समृद्ध शहर




**RAJASTHAN STATE LEGAL SERVICES AUTHORITY**
Rajasthan High Court Campus, Jaipur Bench
Vidhik Seva Sadan, Vidhik Seva Marg, C-Scheme, Jaipur
Phone No. : 0141-2227481, Fax: 2227602
Toll Free Help Line 15100/9928900900
Email: rslsajp@gmail.com, website: https://rajasthan.nalsa.gov.in

rslsa.rajasthan @LeglAidRajsthan legalaidrajasthan